हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 87 देहरादून, शनिवार, 23 सितंबर, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



सीएम धामी ने सचिवालय सुरक्षा दल के 15 रक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे 3

# मुख्यमंत्री ने सचिवालय संघ के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

## संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सुशासन राज्य सरकार का मुख्य ध्येय है : मुख्यमंत्री





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 23 सितंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सचिवालय के प्रति प्रदेश की जनता की बड़ी अपेक्षायें रहती है। जनता की अपेक्षाओं पर खड़ा उतरना हमारी जिम्मेदारी है। हम सब सरकार के अंग है तथा राज्य का विकास हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सचिवालय प्रदेश में सुशासन की नींव है। यहीं से प्रदेश के भविष्य के लिए फैसले लिए जाते हैं और जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन होता है। संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारकर समाज के अंतिम पक्ति में खड़े व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचाने में कर्मचारियों की बड़ी भूमिका होती है। संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सुशासन राज्य सरकार का मुख्य ध्येय है। इस ध्येय की प्राप्ति में अधिकारी और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

सचिवालय में सचिवालय संघ के निर्वाचित कार्यकारिणा के सदस्यों को शपथ दिलाते हुए मुख्यमंत्री ने सचिवालय कर्मचारी कल्याण कोष के गठन के लिये 30 लाख की धनराशि प्रदान करने तथा सचिवालय में विजिटर रूम की व्यवस्था बनाये जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने चाइल्ड केयर लीव की पूर्ववतः व्यवस्था बनाये रखने आदि की भी बात कही।मुख्यमंत्री ने सचिवालय संघ के अध्यक्ष सुनील लखेड़ा, उपाध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली, महासचिव राकेश जोशी एवं कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को शुभकामनायें देते हुए अपेक्षा की, कि वे प्रदेश के सर्वांगीण विकास एवं आमजन तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उन्हें राहत देने के लिए और अधिक संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में मददगार बनेंगे। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तराखंड सचिवालय में एक नई कार्य संस्कृति, एक नया सौहार्दपूर्ण कार्यव्यवहार का वातावरण आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान नवनिर्वाचित सचिवालय संघ में अधिकांश निर्वाचित सदस्य उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी रहे है। जिन लोगों ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया, उन लोगों को इस राज्य के विकास एवं दूर दराज के आम जनमानस की चिंता होगी ऐसा उनका विश्वास है। उन्होंने कहा कि बड़े सघर्षों के बाद उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण हुआ है। हमें जन सेवा का भाव सदैव अपने मन में लाना होगा। जन संतुष्ट का सदैव हमारा प्रयास रहना चाहिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में संसाधनों के विकास, निवेश एवं आर्थिकी को बढ़ावा देने के लिये पर्यटन, उद्योग एवं जीएसटी क्लेक्शन में बढ़ोत्तरी के प्रयास जारी है। इस संबंध में विभिन्न क्षेत्रों में नई नीतियां बनाई गई है। देश-विदेश के उद्यमी राज्य में निवेश के लिए आए, इसके लिए दिसंबर में वैश्विक निवेश सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपना एक-एक क्षण राज्यहित एवं विकास के लिए समर्पित करना होगा। हमारे विशिष्ट कार्य ही हमारी पहचान बनाते है। उन्होंने जनसमस्याओं के समाधान में आपसी संवाद पर ध्यान देने पर बल देते हुए कहा कि हम सबको उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के लिए विकल्प रहित संकल्प के मंत्र को आत्मसात कर सहयोगी बनना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सचिवालय के कार्मिकों की समस्याओं का निराकरण करने के साथ कर्मचारी हितों में जो भी कार्य होंगे, उन्हें समयबद्ध और सुनियोजित तरीके से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संघ के कतिपय पदाधिकारियों का निविरोध निर्वाचित होने पर भी खुशी जताते हुए कहा कि इससे पूरे प्रदेश के कर्मचारियों में एक संदेश जाएगा कि राज्य की सर्वोच्च संस्था में बैठे अधिकारी कर्मचारी अपने प्रतिनिधियों के चयन में विश्वास एवं उनके समर्पण को ध्यान में रखते हुए उन्हें निर्विरोध निर्वाचित करते हैं। मुख्यमंत्री ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्राविधान करने वाले नारी शक्ति वंदन विधेयक के लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी पास होने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, आनन्द वर्धन ने भी सचिवालय संघ के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। संघ के अध्यक्ष सुनील लखेड़ा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया तथा मुख्यमंत्री आपदा राहत हेतु रूपये 1.82 लाख का चैक भेंट किया। इस अवसर पर कार्यकारिणा के सभी पदाधिकारी तथा सचिवालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# आढ़त बाजार निर्माण में तेजी लाने के निर्देश : मुख्य सचिव



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 23 सितंबर , मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में उच्चाधिकारियों के साथ आढ़त बाजार के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने अधिकारियो को आढ़त बाजार निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने एमडीडीए से कार्य शुरू होने से पूर्ण होने तक प्रत्येक स्तर पर कार्य पूर्ण होने की समयसारणी की भी मांग की।

मुख्य सचिव ने कहा कि क्षेत्र का विकास करते समय सभी बुनियादी आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाए। अग्निशमन आदि के लिए उचित स्थान निर्धारित किया जाए। चयनित भूमि का अधिक से अधिक एवं बेहतर तरीके से उपयोग किया जाए।

उन्होंने कहा कि कार्यां की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि हितधारकों से परामर्श लेते हुए दुकानों का आबंटन पूर्व में ही कर लिया जाए, ताकि व्यापारी को पता हो कि उसे कौन सी दुकान आबंटित है। व्यापारी को आबंटित दुकान का डिजाईन उसके कार्य के अनुरूप हो इसके लिए उनसे सुझाव अवश्य लिए जाएं। उन्होंने कहा कि दुकान आबंटित हो जाने के बाद व्यापारी स्वयं भी कार्यों की गुणवत्ता का ध्यान रख सकेंगे। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, सचिव एस.एन. पाण्डेय, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, उपाध्यक्ष मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण बंशीधर तिवारी एवं अपर सचिव विनीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नारी शक्ति वंदन विधेयक पर सीएम धामी ने जताया पीएम मोदी का आभार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




देहरादून , 23 सितंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक सभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्राविधान करने वाले नारी शक्ति वंदन विधेयक के लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी पास होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश में मातृशक्ति के उत्थान की दिशा में यह सराहनीय कदम है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की मातृशक्ति की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इसके लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए प्रदेश में अनेक कार्य किये जा रहे हैं। राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से केदारनाथ विधायक श्रीमती शैलारानी रावत ने भेंट की। उन्होंने केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं के ओर से नारी शक्ति वंदन विधेयक लोकसभा एवं राज्यसभा से पास होने पर मुख्यमंत्री के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में महिला सशक्तिरण के लिए लगातार सराहनीय कार्य किये जा रहे हैं। महिलाओं की प्रतिभाओं को उजागर करने की दिशा में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं।

# क्या है धारा 144 ? जानिए इस सेक्शन के बारे में सब कुछ

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 23 सितंबर , देश की राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा में 20 से 25 सितंबर तक धारा 144 लागू रहेगी। वैसे नोएडा में अकसर धारा 144 लगी रहती है, लेकिन इस बार इसे इसलिए लगाया गया है, क्योंकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नोएडा आ रही हैं। वे यहां जनपद में UP इंटरनेशनल ट्रेड शो में शिरकत करने आएंगी। इसके चलते अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) ह्रदेश कठेरिया ने गौतमबुद्ध नगर में धारा 144 लागू की है। इस दौरान ड्रोन उड़ाने, कोई कार्यक्रम, रैली, धरना करने और एक जगह 5 से ज्यादा लोगों के इकट्ठे होने पर पूर्णतः बैन रहेगा। आदेशों का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्वाई की चेतावनी भी दी गई है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आखिर धारा 144 है क्या? यह क्यों लगाई जाती है, कब लगाई जाती है और इसका उल्लंघन करने पर संविधान के तहत सजा का प्रावधान क्यों हैं, आइए हम बताते हैं...




देश की सुरक्षा के लिए धारा 144

दंड प्रक्रिया संहिता 1973 (Code of Criminal Procedure 1973) CRPC की धारा 144 समाज में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए लगाई जाती है। जब भी देश में कहीं सुरक्षा की दृष्टि से खतरा होता है या तनाव का माहौल होता है तो धारा 144 लगा दी जाती है। कहीं विधानसभा, लोकसभा या पंचायत चुनाव हों या अन्य कोई चुनाव हो तो धारा-144 लगाई जाती है। कहीं दंगा, बवाल, मारपीट या मॉब लिंचिंग होने का खतरा हो तो 144 लगाकर स्थिति को कंट्रोल में लिया जाता है। कानून व्यवस्था पर संकट मंडराने की स्थिति में धारा 144 लागू कर दी जाती है। इसके तहत इंटरनेट सेवाएं ठप की जा सकती हैं।

बाजार-दुकानें बंद रखने के आदेश दिए जा सकते हैं। एक जगह 5 या उससे ज्यादा लोगों के इकट्ठे होने पर पाबंदी होती है। इस दौरान लोगों के हथियार लेकर चलने पर पाबंदी होती है। धारा 144 लागू करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट यानी जिलाधिकारी द्वारा नोटिफिकेशन जारी किया जाता है। इसके लगाने का मकसद आपात स्थिति से बचना और बचाना है। दंगा, लूटपाट, मारपीट, हिंसा आदि रोकने के लिए कई बार इसे लगाना अनिवार्य हो जाता है, ताकि अगर हालात बिगड़ें, लोग भड़कें तो अन्य नागरिकों और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान से बचाया जा सके।

कानून के तहत धारा-144 को कम से कम 2 महीने के लिए लगाया जा सकता है। ज्यादा से ज्यादा 6 महीने के लिए लगाई जा सकती है। अगर जरूरत पड़ी तो इसकी अवधि को बढ़ाया जा सकता है, लेकिन किसी भी स्थिति में इसे 6 महीने से ज्यादा समय तक नहीं लगाया जा सकता। वहीं आदेश जारी होन के समय से ही धारा 144 लागू हो जाती है।

# IRCTC लाया New Year 2024 पर किफायती और शानदार टूर पैकेज

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 23 सितंबर , पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रेलवे का उपक्रम इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (Indian Railway Catering and Tourism Corporation) देश-विदेश की सैर के लिए टूर पैकेज लॉन्च करता रहता है। इन पैकेज के तहत पर्यटकों को सस्ते में टूरिस्ट स्थानों से लेकर धार्मिक स्थलों के दर्शन का मौका मिलता है। इसी कडी में आईआरसीटीसी आपके लिए New Year 2024 के मौके पर काफी किफायदी और शानदार टूर पैकेज लेकर आया है। नए साल के मौके पर अगर आप भी धार्मिक स्थलों का भ्रमण करना चाहते हैं तो आपके पास बढ़ियां मौका है।

दरअसल आईआरसीटीसी नए साल के मौके पर आपके लिए एक साथ अयोध्या, काशी, प्रयागराज, बौद्ध गया और सारनाथ का पैकेज लेकर आया है। IRCTC ने सोशल मीडिया X (पूर्व में ट्विटर) ट्वीट कर अपने इस टूर पैकेज के बारे में जानकारी दी है। IRCTC ने अपने ट्वीट बताया है कि इस पैकेज की शुरुआत 31 दिसंबर 2023 और उसके बाद 21 जनवरी 2024 को होगी। इस पैकेज के तहत आपको वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, अयोध्या, बोधगया और सारनाथ के धार्मिक स्थलों के दर्शन का मौका मिलेगा वहीं इन जगहों के फेसम टूरिस्ट स्पाउट पर भी आप जा सकेंगे।

IRCTC के मुताबिक 6 रात और 7 दिन के टूर पैकेज की शुरुआत मुंबई से होगी। इसके तहत सीट की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार होगा। IRCTC की आधिकारिक वेबसाइट www.irctctourism.com पर जाकर आप इस टूर पैकेज के लिए अपना टिकट बुक करा सकते हैं। इसके साथ ही इस टूर पैकेज के लिए लिंक https://www.irctctourism.com/package_description?packageCode=WMA64 से डायरेक्ट सीट बुक कर सकते हैं।




किसी तरह की कोई दिक्कत होने पर 8279316660 नंबर पर कॉल करके मदद भी ले सकते हैं। इसके साथ ही टूर पैकेज के बारे में अधिक जानकारी के लिए आप IRCTC की आधिकारिक वेबसाइट www.irctctourism.com से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।अगर आप अकेले इस ट्रिप करना चाहते हैं तो 68,100 रुपये देने होंगे, वहीं दो व्यक्तियों के साथ सफर करने प्रति व्यक्ति 40,200 रुपये देने होंगे। जबकि तीन लोगों के साथ यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति 34,700 रुपये देने होंगे। वहीं बच्चों के लिए 27,400 रुपये खर्च करने होंगे।

# क्या आप जानते हैं भारत की पहली महिला IAS के बारे में

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 23 सितंबर , इंडिया में यूपीएससी की टफ एग्जाम को पास करना हर किसी का ख्वाब होता है। भारत में यूपीएससी परीक्षा का बहुत क्रेज है। जो भी बच्चा कभी स्टूडेंट रहा है, उसकी तमन्ना कभी न कभी यूपीएससी इग्जाम को क्रैक करने की जरूर रही होगी। यूपीएससी की परीक्षा को पास करने के वाले कैंडिडेट्स को उनकी रैंक के आधार पर आईएएस, आईपीएस और आईएफएस जैसे पोस्ट दिए जाते हैं। इसके अलावा भी कई और पोस्ट होते हैं।

**40-50 साल पहले महिलाओं के लिए यूपीएससी परीक्षा को क्रैक आसान नहीं**

एक जमाने में महिलाओं का इस परीक्षा में भागीदारी बहुत कम होता था। पर, आज के समय में महिलाएं उसी यूपीएससी परीक्षा में टॉप कर रही हैं। महिलाएं सिर्फ यूपीएससी ही नहीं, बल्कि हर उस एग्जाम में बेस्ट परफॉर्मेंस दे रही हैं जिनमें वो पार्टिसिपेट कर रही हैं। पर, सोचिए आज से 40-50 साल पहले क्या महिलाओं के लिए यूपीएससी परीक्षा को क्रैक करना इतना आसान था? लोगों को यह तो पता है कि भारत के पहले आईएस रविंद्र नाथ टैगोर के बड़े भाई सत्येन्द्र नाथ टैगोर थे लेकिन यह बहुत कम लोग जानते हैं कि पहली आईएएस अधिकारी कौन थीं? आज हम उसी महान महिला अधिकारी के बारे में बात करने जा रहे हैं।




**अन्ना राजम मल्होत्रा ने भारत की पहली महिला आईएएस होने का गौरव प्राप्त किया**

भारत की पहली महिला आईएएस के रूप में हम अन्ना राजम मल्होत्रा को जानते हैं। अन्ना राजम का जन्म केरल राज्य में 27 जुलाई 1927 को हुआ था। इन्होंने अपनी पढ़ाई मद्रास विश्वविद्यालय से की थी। इन्होंने सिविल सेवा परीक्षा को पास करने का विचार किया और उसकी तैयारी में पूरी मेहनत से जुट गईं। **एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस की परीक्षा**

अन्ना राजम ने 1951 में इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस की परीक्षा में भाग लिया। बता दें कि अन्ना राजम ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा को पास कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रथम महिला आईएएस अधिकारी बनने का गौरव हासिल किया। बहुत कम लोगों को जानकारी है कि अन्ना राजम का शुरुआती नाम अन्ना जार्ज था।

**पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित**

अन्ना राजम मल्होत्रा को साल 1989 में भारत सरकार द्वारा प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए पद्मभूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इसके बाद आज से कुछ वर्षों पहले 17 सितंबर 2018 को उनका निधन हो गया।

**टैलेंटेड स्टूडेंट**

अन्ना अपने बचपन के दिनों से ही एक टैलेंटेड स्टूडेंट थीं। अन्ना राजम ने तब के दौर में बतौर महिला यूपीएससी को चैलेंज के रूप में लिया था। पहले प्रयास में ही आईएएस के लिए बन जाना,इतना आसान काम नहीं था लेकिन अन्ना राजम ने इसे कर दिखाया। अन्ना राजम मल्होत्रा ने आईएएस आफिसर बनकर देश की महिलाओं को यूपीएससी का ख़्वाब देखने के लिए प्रेरित किया। अन्ना मल्होत्रा की लाइफ अपने आप में मोटिवेशनल सिलेबस है। एक महिला के रूप में जिस समय अन्ना मल्होत्रा जिस दौर में आईएएस अफसर बनी थीं, तब बहुत लोग इस परीक्षा से अनजान होंगे। उन्होंने अपने पूरे कैरियर में एक से बढ़कर एक महत्वपूर्ण पोस्ट पर काम किया। आज वह हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी उपलब्धियां हर समय लोगों को मोटिवेट करती रहेंगी।

# नारी शक्ति को विशेष सम्मान मिला : प्रेमचंद



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश। राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पास होने पर भाजपाइयों में खुशी की लहर है। भाजपाइयों ने विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित कर मिठाई वितरित की और खुशी का इजहार किया। शुक्रवार को बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में कार्यक्रम हुआ। जिसमें भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों ने कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को मिठाई खिलाकर महिला आरक्षण बिल पास होने पर खुशी जताई। मंत्री प्रेमचंद ने भी सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पारित होना महिलाओं के लिए हर्ष की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह इतिहास रचा गया है। राज्यसभा में बिल के पक्ष में 215 वोट पड़े, जबकि विरोध में एक भी वोट नहीं पड़ा। कहा कि नारी शक्ति को एक विशेष सम्मान सिर्फ विधेयक पारित होने से मिलेगा। इस विधेयक के प्रति देश के सभी राजनीतिक दलों की सकारात्मक सोच होना ये हमारे देश की नारी शक्ति को नई ऊर्जा देने वाली है।

राज्यसभा में वोटिंग में सभी सांसदों ने एक सुर में बिल को समर्थन दिया। यह अपने आप में बड़ी बात है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कविता शाह ने पीएम मोदी का आभार जताया। कहा कि हमारे देश की लोकतांत्रिक यात्रा में एक निर्णायक क्षण महिला आरक्षण बिल पास होना है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने के साथ, हम भारत की महिलाओं के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व और सशक्तिकरण के युग की शुरुआत हुई है। मौके पर मोर्चा की मंडल अध्यक्ष माधवी गुप्ता, निर्मला उनियाल, पार्षद तनु तेवतिया, जिला महामंत्री अनिता प्रधान, गीता मित्तल, पूनम कंडवाल, निवेदिता सरकार, पिंकी धस्माना, ममता सकलानी, गीता थापा, भावना किशोर गौड़, तनु रस्तोगी, माया घले, रीता असवाल, सुधा असवाल, श्वेता, मनोरमा, शिला अग्रवाल, आशा पुन, शीतल क्षेत्री, माया थापा आदि उपस्थित रहे।

## पर्यावरण संरक्षण को ऋषिकेश से गंगासागर की साइकिल यात्रा शुरू

ऋषिकेश। ब्लू राइडर साइकिल क्लब ऋषिकेश के सदस्य गुरदेव कुकरेती पर्यावरण संरक्षण को लेकर मिशाल पेश कर रहे हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए ऋषिकेश से गंगासागर तक 1800 किमी की साइकिल यात्रा शुरू कर दी है। शुक्रवार को ब्लू राइडर साइकिल क्लब ऋषिकेश ने त्रिवेणीघाट पर कार्यक्रम आयोजित किया। जिसके तहत घाट पर गंगा पूजन कर पर्यावरण बचाओ संदेश के साथ साइकलिस्ट गुरदेव सिंह द्वारा ऋषिकेश से गंगासागर तक निकाली जा रही साइकिल यात्रा का शुभारंभ किया गया। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह, कांग्रेस नेता शैलेंद्र बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य संजीव चौहान ने संयुक्त रूप से साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाई। ब्लू राइडर के सदस्यों ने गुरदेव कुकरेती को सम्मानित किया और पांच किलोमीटर तक उनके साथ साइकिल यात्रा कर उन्हें रवाना किया। ब्लू राइडर अध्यक्ष ज्योति प्रकाश शर्मा ने कहा कि गुरदेव कुकरेती संस्था के सदस्य है। उन्होंने ऋषिकेश से गंगासागर तक 1800 किमी साइकिल यात्रा प्रारंभ की है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है। क्लब सदस्य अब्दुल रहमान ने कहा कि गुरुदेव कुकरेती पर्यावरण संरक्षण की भावना को लेकर लंबी दूरी की साइकिल यात्रा पर निकले हैं, जो सराहनीय है। हर व्यक्ति साइकिल चलानी चाहिए। इससे पर्यावरण का संरक्षण भी होगा और शरीर भी फिट रहेगा। मौके पर ब्लू राइडर के सदस्य पंकज ब्रेजा, बलबीर जैसल, सुनील प्रभाकर, यशपाल चौहान, अजय प्रजापति, प्रकाश डोभाल, चंदर नेगी, साहिल जुगरान, अशोक नेगी, नटवर श्याम, संजीव गुप्ता, विकास अत्रि, योगेश पाल, अतुल सरीन, एडवोकेट अनिल कुकरेती, बब्बू डिमरी, मनोज डोबरियाल, संजय सिंह आशु व्यास, मुकेश, नरेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

## पूर्णकालिक अधिकारियों की तैनाती की उठाई मांग

पौड़ी। पोखड़ा ब्लाक में प्रभारी अधिकारी के स्थान पर पूर्णकालिक अधिकारियों की तैनाती करने व न्याय पंचायत सेडियाधार की मूलभूत समस्याओं को हल करने की मांग की है। शुक्रवार को पोखड़ा ब्लाक के पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह रावत ने डीएम को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ब्लाक के चौबटटाखाल तहसील में प्रभारी तहसीलदार के साथ ही प्रभारी खंडशिक्षाधिकारी, खंडविकास अधिकारी, उपशिक्षाधिकारी, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी उद्यान सचल दल पोखड़ा प्रभारी अधिकारियों के भरोसे चल रहे है। जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। कहा कि इसके अलावा न्याय पंचायत सेडियाधार में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। उन्होंने पोखड़ा ब्लाक में पूर्णकालिक अधिकारियों की नियुक्ति के साथ ही न्याय पंचायत सेडियाधार में मूलभूत सुविधाओं को ठीक करने की मांग उठाई है।

# सीएम धामी ने सचिवालय सुरक्षा दल के 15 रक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 23 सितंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय मे उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित सचिवालय सुरक्षा दल के 15 रक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा आशा व्यक्त की सचिवालय सुरक्षा दल के चयनित रक्षक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए हम सबको अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय कार्य कर प्रदेश के समग्र विकास में योगदान देना होगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी भी उपस्थित थी।

## संक्षिप्त खबरें

### टिहरी के युवा पर्वतारोही रोहित राज्यपाल से मिले

नई टिहरी। टिहरी जिले के पौखाल मगरौं निवासी युवा पर्वतारोही रोहित भट्ट ने प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) से राजभवन में भेंट की। रोहित ने बीती जनवरी माह में विश्व की तीसरी तथा साउथ अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारों पर 361 फिट का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर था। जिसके बाद अगस्त माह में उन्होंने यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर 101 फीट लंबा तिरंगा फहराकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया है। रोहित ने बताया की अक्टूबर माह में दक्षिणी अमेरिका की चोटी आरोहण के लिए उनका चयन हुआ है। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने पर्वतारोही रोहित को युवाओं के लिये प्रेरणास्त्रोत बताते हुए अफ्रीका और यूरोप की सबसे ऊंची चोटियों को फतह करने तथा चोटी पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिये उन्हें बधाई दी। उन्होंने रोहित को इस अभियान के लिये हर संभव मद्द का भरोसा भी दिया है।

### नालियां क्षतिग्रस्त होने से सडक़ों पर बह रहा बरसाती पानी

नई टिहरी। नैनबाग-श्रीकोट-घोड़ाखोरी मोटरमार्ग पर मुख्य बाजार से लेकर डिग्री कॉलेज तक जगह-जगह नालियां क्षतिग्रस्त व पानी की निकासी न होने के कारण बरसाती पानी सडक़ों पर बह रहा है। जिसकी वजह से सडक़ पर बड़े-बड़े गड्ढे तथा बाजार में गंदगी फैल रही है। वहीं बरसात के दोनों में लोगों को भी भारी समस्याओं का सामना उठाना पड़ रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश तोमर का कहना है कि, सडक़ किनारे बनी नालियों से सडक़ में पानी बहने से मुख्य बाजार में गंदगी फैलने के साथ-साथ सडक़ में कई जगह गड्ढे बन गए हैं। तथा सडक़ उखड़ रही है। कहा कि कई बार लोक निर्माण विभाग जौनपुर को अवगत कराया गया। लेकिन अभी तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। उधर ईई लोनिवि जौनपुर लोकेश सारस्वत का कहना है कि, सडक़ किनारे बनी नालियों की जल्द से जल्द मरम्मत कर दी जाएगी।

### विवि में हुई टिप्पणी और मसौदा लेखन प्रतियोगिता

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि में हिन्दी पखवाड़ा समारोह के अंतर्गत शुक्रवार को हिन्दी राजभाषा प्रकोष्ठ की ओर से टिप्पणी एवं मसौदा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। गढ़वाल विश्वविद्यालय राजभाषा प्रकोष्ठ की समन्वयक प्रो. गुड्डी बिष्ट ने बताया कि प्रतियोगिता में विवि के 13 प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। कहा प्रतियोगिता का परिणाम 29 सितंबर को घोषित होगा।

### केवी में पीटीए बैठक संपन्न

चमोली। केंद्रीय विद्यालय गौचर में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष हफीजुल्लाह सिद्दीकी, कमाडेंट 8वीं वाहिनी भा.ति.सी.पु. गौचर की अध्यक्षता में विद्यालय के प्राचार्य संदीप त्यागी ने के विगत वर्ष (2022-23)के परीक्षा परिणाम, विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों, उपलब्धियों तथा विद्यालय के अन्य मुद्दों से सभी को अवगत कराया। विद्यालय को और अधिक उन्नत बनाने के लिए अध्यक्ष महोदय तथा समिति के अन्य सदस्यों के सुझावों को स्वीकार किया गया। अंत में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अंकुश डंडरियाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### नंदाधाम नौटी तक बनेगा सिमली-शैलेश्वर मोटर मार्ग

चमोली। विकासखंड का सिमली-शैलेश्वर मोटर मार्ग अब जल्द नंदाधाम नौटी से जुड़ेगा। ग्रामीणों की लंबे समय मांग पर लोनिवि ने अब टेंडर जारी कर दिए हैं। सिमली से सेनू, गैरोली, चमोला होते हुए कनोठ तक लोनिवि की करीब 16 किमी लंबी सडक़ बनी है। ग्रामीण इस सडक़ को जल्द नौटी के पास नैणी तक मिलाने की मांग कर रहे थे। पूर्व प्रधान और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य समीर मिश्रा का कहना है कि चांदपुर पट्टी के कनोठ के गांवों के ग्रामीणों को नौटी जाने के लिए बाया कर्णप्रयाग करीब पचास किमी या पैदल पांच किमी की दूरी तय करनी पड़ती थी। वहीं जीआईसी नैणी सहित अन्य स्कूलों को जाने वाले छात्र-छात्राओं को पैदल दूरी नापनी पड़ती थी। लेकिन अब सरकार ने कनोठ से नैणी तक तीन किमी मार्ग की स्वीकृति मिली है। जिस पर लोनिवि ने टेंडर जारी किए हैं। इधर मामले में विधायक अनिल नौटियाल ने कहा कि गांवों में सडक़ नेटवर्क को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। जिसके तहत विधानसभा में कई लंबित सडक़ों को स्वीकृति दी गई है।

### गोपेश्वर में एबीवीपी ने प्रदर्शन किया

चमोली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालय गोपेश्वर की समस्यायों को लेकर जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर कुलपति का पुतला फूंका। एबीवीपी ने चेतावनी दी है कि यदि महाविद्यालय से सम्बंधित छात्रों की मांग सोमवार तक पूरी नहीं हुई तो वह बड़ा आन्दोलन करेंगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी ने शुक्रवार को छात्रों की मांग को लेकर चमोली गोपेश्वर चोपता कुंड मार्ग पर प्रदर्शन कर कुलपति का पुतला फूंका। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा सरकार और जनप्रतिनिधि गोपेश्वर महाविद्यालय को श्री देव सुमन विश्व विद्यालय का कैम्पस बनाये जाने की उपलब्धि का बखान कर रहे हैं। जबकि इसको लेकर अभी तक कोई स्पष्ट और विश्वसनीय स्थिति स्पष्ट नहीं है। परीक्षा परिणाम अंक तालिकाओं को लेकर हमेशा गड़बड़ी सामने आ रही है। समाधान नहीं हो रहा है। परिषद से जुड़े छात्रों ने कहा महाविद्यालय गोपेश्वर में इतिहास विषय में शिक्षकों की कमी है, अन्य विषयों की स्थिति भी खराब है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि सोमवार तक उनकी 10 सूत्रीय मांगें पूरी न हुई तो वे बड़ा आन्दोलन करेंगे। प्रदर्शनकारियों में अजय भंडारी, नेहा रावत, धीरज राणा, मयंक, दीपक, अमृता, उर्मिला, राशिका सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### गैरसैंण में लापता की खोजबीन को लेकर लोग सडक़ पर उतरे

चमोली। 18 सितंबर को सिमली बेरियर के पास से गुम करन सिंह पंवार का पता लगाने के लिए गैरसैंण में शुक्रवार को लोग सडक़ों पर उतरे। लोगों ने पुलिस प्रशासन पर खोजबीन में लापरवाही का आरोप लगकर प्रदर्शन किया। शुक्रवार को रामलीला मैदान से तहसील तक स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। तहसीलदार के माध्यम से जिले के पुलिस एवं प्रशासन के आला अधिकारियों को ज्ञापन भेजते हुये चेतावनी दी है कि यदि गुमशुदा करन का तीन दिन के भीतर पता न लगाया गत तो उसके बाद चक्का जाम किया जायेगा। नपंअ पुष्कर रावत का कहना है कि कर्णप्रयाग पुलिस एवं गैरसैंण पुलिस एक दूसरे के क्षेत्र का मामला बता रही है। वहीं गुम करन के बड़े भाई हरीश का कहना है कि 19 सितंबर को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट कर्णप्रयाग थाने में दर्ज की गयी है, मां गोदाबरी देवी का कहना है कि पुलिस मामले की गहराई से जांच करती तो करन का पता चल जाता। प्रर्दशन करने वालों में व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र बिष्ट, हरेन्द्र कंडारी, गोपाल पंत, मनवर पंवार, सुमन रावत, लक्ष्मी रावत, मीना पंवार, सुनीता पंवार, ममंदल डांगीधार,ग्वाड़ एवं पटोड़ी की अनेक महिलाएं थी।

# एसएसपी अंकल को देख पुलिस स्कूल के बच्चों के चेहरे खिले





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 23 सितंबर , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा पुलिस लाइन देहरादून में आयोजित शुक्रवार की परेड का निरीक्षण किया गया। परेड के निरीक्षण के दौरान एसएसपी अजय सिंह ने अधिकारियों को आगामी 21 अक्टूबर ( पुलिस स्मृति दिवस ) तथा 9 नवंबर ( राज्य स्थापना दिवस ) के अवसर पर आयोजित होने वाली रैतिक परेड के संबंध में समय से तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए । पुलिस लाइन के भ्रमण के दौरान निर्माण कार्यो का जायजा लेते हुए उन्हें जल्द से जल्द पूरा करवाने के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

इस दौरान एसएसपी ने पुलिस लाइन परिसर में जवानों की बैरिकों, सीपीसी कैंटीन, आवासीय परिसर आदि का निरीक्षण

**■ जवानों की बैरिकों, आवासों तथा मैस के भ्रमण के दौरान उनके वेलफेयर के लिए दिए अधिनस्त अधिकारियों को निर्देश**

करते हुए वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया , साथ ही जवानों से संबंधित किसी भी समस्या को सीधे उनके समक्ष रखते हुए उसके समयबद्ध निस्तारण के अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

इस दौरान पुलिस जिला मेस में जाकर वहां जवानों के लिए बनाये गये भोजन को स्वयं भी ग्रहण किया तथा जवानों के भोजन की गुणवत्ता को उच्च कोटि के रखने के निर्देश दिए गए।

पुलिस लाइन परिसर में स्थित पुलिस मॉडर्न स्कूल के निरीक्षण के दौरान एसएसपी अजय सिंह ने स्कूली बच्चों से बातचीत की तथा वहां उपस्थित शिक्षकों से बच्चों की शिक्षा के साथ- साथ उन्हें कराई जा रही एक्स्ट्रा एक्टिविटी के संबंध में जानकारी ली गई। अपने बीच एसएसपी अंकल को देख वहां उपस्थित बच्चों के चेहरे खिल उठे तथा उनके द्वारा मासूमियत के साथ उनसे कई सवाल पूछे गए, जिनका महोदय द्वारा बड़ी सहजता से जवाब दिया गया।

# उत्तराखंड में होंगी 2 महिला सांसद !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 23 सितंबर , महिला आरक्षण बिल एक बार फिर चर्चा में है, केंद्रीय कैबिनेट ने महिला आरक्षण बिल को मंजूरी दे दी है. अब बिल को विशेष सत्र के दौरान लोकसभा में पेश किया जाएगा. 27 सालों से लंबित महिला आरक्षण विधेयक लाने के लिए विपक्ष लगातार जोर दे रहा है. यदि विशेष सत्र में विधेयक पर सदन की मुहर लग जाती है तो 2024 में लोकसभा का नजारा बदल सकता है,

**यूपी को 27 पहाड़ को 2 महिला सांसद सम्भव**

वर्तमान में लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 15 फीसदी से कम है, हैरानी की बात ये है कि राज्य विधानसभाओं में ये आंकड़ा दस फीसदी से भी निचले स्तर पर है. ऐसे में लगातार लोकसभा और विधानसभा में महिला सांसदों और विधायकों की संख्या बढ़ाए जाने के लिए आरक्षण की मांग की जा रही है. आखिरी बार 2010 में ये विधेयक राज्यसभा में पेश हुआ था, तब हंगामे के बीच इसे पास भी कर दिया गया था, लेकिन लोकसभा ये पास नहीं हो सका था.

वर्तमान में लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 15 फीसदी से कम है, हैरानी की बात ये है कि राज्य विधानसभाओं में ये आंकड़ा दस फीसदी से भी निचले स्तर पर है. ऐसे में लगातार लोकसभा और विधानसभा में महिला सांसदों और विधायकों की संख्या बढ़ाए जाने के लिए आरक्षण की मांग की जा रही है. आखिरी बार 2010 में ये विधेयक राज्यसभा में पेश हुआ था, तब हंगामे के बीच इसे पास भी कर दिया गया था, लेकिन लोकसभा ये पास नहीं हो सका था.

अन्य राज्यों का ये होगी स्थिति




गुजरात में 26 लोकसभा सीटें हैं, 33 प्रतिशत के हिसाब से यहां 9 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी, हरियाणा में 10 सीटों के लिहाज से 4, और हिमाचल में 4 सीटों के हिसाब से तकरीबन 1 सीट महिला आरक्षित हो सकती है. जम्मू में 5 लोकसभा सीटें हैं इनमें से 2 महिलाओं के लिए आरक्षित की जा सकती हैं, 16 सीटों वाले झारखंड में यह आंकड़ा 5 तक पहुंच सकता है, कर्नाटक में 28 सीटों के मुताबिक 9 और केरल में 20 सीटों में से 7 महिला आरक्षित हो सकती हैं.

मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र में यह होगा आंकड़ा

लोकसभा में महिला आरक्षण के हिसाब से मध्य प्रदेश में 29 में से 10 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जा सकती हैं, वहीं महाराष्ट्र में 48 सीटों के मुकाबले यह आंकड़ा 16 पर पहुंच सकता है, दिल्ली में 7 सीटों में से 2 और ओडिशा में 21 सीटों में 7 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जा सकती हैं. महिला आरक्षण लागू होने के बाद पंजाब में 13 लोकसभा सीटों में से 4 आरक्षित हो सकती हैं, वहीं राजस्थान में 25 में से 8 सीटें महिलाओं के लिए सुरक्षित की जा सकती हैं, तमिलनाडु में 39 लोकसभा सीटें यहां आरक्षण के हिसाब से 13 सीटों महिलाओं के लिए आरक्षित रखी जा सकती हैं.

उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 27 सीटें हो सकती हैं महिला आरक्षित

उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 80 लोकसभा सीटें हैं, यदि महिला आरक्षण पर मुहर लगती है तो यहां सर्वाधिक 27 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जा सकती हैं, तेलंगाना में 17 में से 6, उत्तराखंड में 5 में से 2, पश्चिम बंगाल में 42 में से 14 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो सकती हैं. ऊपर जितने राज्यों के बारे में बताया गया वहां 3 से ज्यादा लोकसभा सीटें हैं, देश में ऐसे कई प्रदेश हैं जहां सिर्फ दो या 1 लोकसभा सीट है, इनमें अरुणाचल प्रदेश में 2, गोवा में 2, मणिपुर-मेघालय में दो-दो, मिजोरम-नागालैंड-पुडुचेरी, सिक्किम में 1-1, त्रिपुरा में 2 लोकसभा सीटें हैं. इसके अलावा केंद्र शासित, अंडमान निकोबार, चंडीगढ़, दादरा नागर हवेली, दमन और दीव, लक्षद्वीप, लद्दाख में भी 1-1 लोकसभा सीट हैं, इन पर क्या होगा फिलहाल यह तय नहीं है.



## संक्षिप्त खबरें

### पौड़ी में दिखाई जाएगी जै मां धारी देवी गढ़वाली फिल्म

पौड़ी। उत्तराखंड फिल्मस प्रोडक्शन के बैनर तले बनी पहली उत्तराखंडी धार्मिक फीचर फिल्म जै मां धारी देवी 24 सितंबर से पौड़ी के प्रेक्षागृह में दिखाई जाएगी। जिसको लेकर फिल्म के निर्माता निदेशक ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह फिल्म इससे पूर्व दिल्ली, देहरादून, टिहरी, ऋषिकेश, श्रीनगर में लग चुकी है। फिल्म के निर्माता निर्देशक देबू रावत ने पत्रकार वार्ता में बताया कि यह फिल्म मां धारी देवी की महिला, वरदान, आस्था और चमत्कार पर धार्मिक, सामाजिक और पारिवारिक कहानी पर आधारित है। फिल्म में सह निर्माता महेंद्र नेगी, सरला महेंद्र नेगी और रजनी रावत है। डिजीटल निर्माता सोहन उनियाल, डीओपी मनोज प्रसाद सती, गीत व संगीत गढ़रत्न नरेंद्र सिंह नेगी का है। मुख्य गायक नरेंद्र सिंह नेगी के साथ ही मीना राणा, अंजली खरे, मंजू सुंद्रियाल और लेखराज भंडारी है। फिल्म में गौरव गैरोला, शिवानी भंडारी, पूजा काला, सुमन गौड़, गीता उनियाल, राजेश मालगुड़ी, अजय सिंह बिष्ट, राजेश जोशी और आनंद सिलस्वाल है। इस मौके पर अनिल बिष्ट, अरूण हिमेश आदि शामिल थे।

### घर से बीरोंखाल गई महिला बेटे समेत लापता

पौड़ी। विकासखंड बीरोंखाल थाना धुमाकोट अंतर्गत तैलीपखोली की एक विवाहित युवती अपने तीन वर्षीय बालक के साथ घर से बिना बताए चली गई। महिला के पिता ने थाना धुमाकोट में पुत्री की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। धुमाकोट थानाध्यक्ष दीपक तिवारी ने बताया कि महिला की खोजबीन करने के लिए एसआई अजय कुमार रमन को जांच सौंपी हैं। तैलीपखोली निवासी बीरेंन्द्र कुमार पुत्र चमनलाल ने बताया कि उसकी पुत्री दिव्या घोलिया पुत्र प्रतीक को लेकर सोलह सितंबर सुबह घर से बीरोंखाल अस्पताल गई थी, लेकिन वह शाम तक घर वापस नहीं पंहुची। इधर-उधर रिस्तेदारों व उसके ससुराल रिखणीखाल से भी संपर्क किया परंतु उसका कोई पता नहीं लगा। फोन भी स्वीचऑफ आ रहा है। थाना धुमाकोट एसआई अजय कुमार रमन ने बताया कि महिला की खोजबीन जारी हैं, फोन स्वीचआफ आ रहा है। फोन ट्रेस किया जा रहा है।

### बच्चों को पठन साग्रगी बांटी

पौड़ी। घुड़दौड़ी इंजीनियरिंग कालेज द्वारा जूनयिर स्कूल घुड़दौड़ी में बच्चों को पठन साम्रगी वितरित की गई। इस दौरान घुड़दौड़ी इंजीनियरिंग कालेज के प्रभारी निदेशक डा.वीएन काला ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। बताया गया कि कालेज द्वारा यह कार्य आईईईई ब्राच चैप्टर के तहत चलाया जा रहा है। जिसके तहत स्कूल के छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्थान के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस मौके पर डा.संजय गैरोला, डा.केएस भाटिया, डा.मनोज कुमार, पुष्कर प्रवीण, डा.अजय कुमार आदि शामिल थे।

### सीएम की घोषणा के अनुरुप पर्यावरण मित्रों को नहीं मिल रहा मानदेय

काशीपुर। सीएम की घोषणा के बाद भी पर्यावरण मित्रों को बढ़ा मानदेय नहीं मिल रहा है। आउटसोर्स से भर्ती पर्यावरण मित्रों को निकायों में अलग-अलग मानदेय दिया जा रहा है। उत्तराखंड देवभूमि सफाई महासंघ ने इस बारे में नगरायुक्त को ज्ञापन दिया और इस मुद्दे पर कोर्ट जाने की बात कही है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अप्रैल, 2022 में आउटसोर्सिंग के पर्यावरण मित्रों को प्रतिदिन 500 रुपये मानदेय देने की घोषणा की थी। बावजूद इसके आउटसोर्सिंग एजेंसियों के संचालकों पर कर्मचारी शोषण के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। नगर निगम देहरादून में पर्यावरण मित्रों को पुरानी दर 350 रुपये प्रतिदिन की दर से मानदेय मिल रहा है। इसमें से भी 13 प्रतिशत ईपीएफ तथा 3.25 प्रतिशत ईएसआई की कटौती हो रही है। रुडक़ी में उन्हें 13 हजार, रुद्रपुर में 11 हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा है। उत्तराखंड देवभूमि सफाई महासंघ के शाखा सचिव राजीव कुमार मंझारिया का कहना है कि काशीपुर नगर निगम में आउटसोर्सिंग के 130 कर्मचारी हैं। ईपीएफ और ईएसआई में कटौती के बाद उन्हें 8340 रुपये की राशि का भुगतान किया जा रहा है। इस बारे में नगरायुक्त विवेक राय ने बताया कि निगम ने आउटसोर्सिंग ठेकेदार को टेंडर दिया है। मानदेय निर्धारण का मामला ठेकेदार व कर्मियों के बीच का है।

# उत्तराखंड के सिरमोली गांव को मिला सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव का खिताब





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 23 सितंबर , मुनस्यारी उत्तराखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में से एक है, जहां हर साल हजारों पर्यटकों घूमने पहुंचते हैं। लेकिन क्या आपने मुनस्यारी के पास स्थित सिरमोली के बारे में सुना है? नेपाल और तिब्बत की सीमा से सटा हुआ सिरमोली मुनस्यारी के पास एक छोटा सा गांव है।पिथौरागढ़ जिले के सिरमोली गांव को देश का श्रेष्ठ पर्यटन गांव का खिताब मिलने जा रहा है। सरमोली समृद्ध संस्कृति और विरासत का एक अद्वितीय वातावरण है,

दरअसल पर्यटन मंत्रालय ने श्रेष्ठ पर्यटन गांव प्रतियोगिता में सरमोली गांव का चयन किया है। 27 सितंबर को इसकी आधिकारिक तौर पर घोषणा की जाएगी। साथ ही गांव को श्रेष्ठ पर्यटन गांव का पुरस्कार दिया जाएगा। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने श्रेष्ठ पर्यटन गांव प्रतियोगिता शुरू की है। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी के समीप सरमोली गांव का चयन किया गया।

मंत्रालय की केंद्रीय नोडल एजेंसी ग्रामीण पर्यटन और ग्रामीण होम स्टे के माध्यम से प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 795 गांवों के आवेदन मिले। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गांव स्तर पर किए गए बेहतर कार्यों पर सरमोली गांव को श्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में चयनित किया गया।स

ूत्रों के मुताबिक, पर्यटन मंत्रालय के ग्रामीण पर्यटन भारत की नोडल अधिकारी कामाक्षी माहेश्वरी ने राज्य को पत्र जारी कर सरमोली गांव को देश का श्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में चयनित करने की सूचना दी है।

पत्र में कहा कि अधिकारिक घोषणा 27 सितंबर को दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में की जाएगी। पर्यावरण संरक्षण के साथ गांव के लोगों ने ग्रामीण पर्यटन को स्वरोजगार बनाया है।सिरमोली में लगभग 15 होमस्टे उपलब्ध हैं, जो ज्यादातर महिलाएं संचालित करती है, यहां आपको रहने और खाने के लिए करीबन 700 रुपये से 1600 अच्छा होमस्टे मिल जायेगा । होमस्टे आपको ग्रामीणों के साथ रहने और स्थानीय भोजन और संस्कृति का आनंद लेने का अनुभव प्रदान करते हैं। होमस्टे ग्रामीण जीवनशैली का एक अभिन्न हिस्सा हैं, लेकिन मेहमानों की आवभगत के लिए ग्रामीण वासी मेहमानों को सभी आधुनिक सुख सुविधायें प्रदान करते हैं।

# उत्तराखंड : नीट पीजी काउंसलिंग को लेकर सामने आया बड़ा अपडेट, पढ़िए

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 23 सितम्बर : नीट पीजी से जुड़ी एक महत्वपूर्ण खबर सामने आ रही है। नीट पीजी तृतीय चरण की काउंसलिंग के पंजीकरण का समय अब चार दिन बढ़ गया है। बीते दिन केंद्रीयकृत काउंसलिंग शेड्यूल में बदलाव के बाद एचएनबी मेडिकल विवि ने संशोधित तिथियां जारी कर दीं। विवि कुलसचिव डॉ. आशीष उनियाल ने बताया, एमडी, एमएस, एमडीएस की सीटों पर तीसरे चरण के लिए अब छात्र 20 के बजाए 24 सितंबर तक पंजीकरण, सिक्योरिटी फीस जमा करा सकेंगे। 24 तक ही प्रथम व द्वितीय चरण में सीट पाने वाले छात्र अपनी सीट छोड़ सकते हैं। तीसरे चरण की मेरिट 21 की बजाए 25 सितंबर को जारी होगी।21 के बजाए 25 से 29 सितंबर तक च्वाइस भर सकेंगे। तीसरे चरण का सीट आवंटन अब 26 सितंबर के बजाए तीन अक्तूबर को होगा।




# नैनीताल : पत्नी ने खाया जहर सदमे में पति ने की खुदकुशी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नैनीताल 23 सितम्बर : आवेश में उठाया गया एक कदम पूरे परिवार की बर्बादी की वजह बन गया। नैनीताल के भीमताल में एक आशा वर्कर ने जहर खा लिया। अस्पताल में इलाज शुरू होने के बाद महिला की हालत में सुधार होने लगा, लेकिन पत्नी द्वारा जहर खाने की घटना ने पति को इस कदर सदमा दिया कि उसने खुदकुशी कर ली। इस तरह इस घटना में आशा वर्कर की जान तो बच गई, लेकिन पति नहीं बच सका। घटना भीमताल के भाकर गांव की है। यहां रहने वाले भुवन पलड़िया गांव के एक कॉलेज में माली थे। उनकी पत्नी रंजना पलड़िया आशा वर्कर है।बीती शाम रंजना ने अज्ञात कारणों से जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर पति उसे एंबुलेंस से अस्पताल लेकर आए। रातभर चले इलाज के बाद रंजना की हालत में सुधार होने लगा, लेकिन पत्नी के आत्मघाती कदम उठाने से भुवन सदमे में आ गए और पत्नी को अस्पताल में ही छोड़कर चले गए। दोपहर में पुलिस को मोतीनगर में सड़क किनारे उनकी लाश मिली। पास में जहर की शीशी भी मिली है। भुवन के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा 10वीं व दूसरा आठवीं में पढ़ता है। इस घटना के बाद इन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। भुवन के परिजनों ने बताया कि भुवन पत्नी के जहर खाने से तनाव में था। उसने कई रिश्तेदारों व परिवारजनों को फोन करके बताया था कि वह कैसे लोगों को मुंह दिखा पाएगा। पत्नी ने जहर खाकर सही नहीं किया। उसने एक दोस्त को फोन कर 500 रुपये नहीं दे पाने के लिए माफी भी मांगी थी। कई लोगों को फोन कर भुवन ने ये भी कहा था कि मैं जहर खाकर खुद मर रहा हूं। इसके बाद उसने शराब पी और जहर खा लिया। पुलिस ने भुवन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# औली में बनने जा रहा है खूबसूरत रोप-वे ट्रैक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तरखंड 23 सितम्बर : चमोली जिले में स्थित औली पर्यटकों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां पर पर्यटन को और ज़्यादा पंख देने के लिए तरह तरह के विकास कार्य हो रहे हैं, जिसमें गौरसों तक रोपवे बनाना भी शामिल है। हाल ही में विकास के लिए सरकार द्वारा अलग प्राधिकरण बनाए जाने से औली का विस्तार गौंरसों तक किए जाने की कार्ययोजना प्रस्तावित है। गौर सौ तक रोपवे मार्ग से जोड़ने के साथ-साथ पैदल ट्रैक विकसित करने की मंशा पर्यटन विभाग की है। औली राज्य की खूबसूरत विंटर टूरिज्म डेस्टिनेशन है व राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय शीतकालीन खेलों का स्थान भी है।औली को इंटरनेशनल विंटर डेस्टिनेशन बनाने के लिए सुविधा संपन्न बनाने हेतु एक कदम आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने यहां के विकास के लिए अलग प्राधिकरण बनाने का फैसला लिया है। दरअसल औली में पर्यटन विभाग गौर सों तक रोपवे का सर्वे कर चुका है। औली से गौर सों तक दो किमी नया रोपवे प्रस्तावित किया गया है। यह केंद्र सरकार के विशेष बजट से प्रस्तावित है। औली से आगे गौर सों तक इस स्की रिजॉर्ट को विकसित करने से शीतकालीन खेलों के लिए बर्फ की कमी नहीं रहेगी। गौर सों में तीन किमी फैले गौर सों बुग्याल में दिसंबर से अप्रैल माह तक बर्फ रहती है। जनवरी, फरवरी व मार्च में गौर सों बर्फ से ढका रहता है। ऐसे में नेशनल इंटरनेशनल स्कीइंग प्रतियोगिता का आयोजन यहां हो सकता है। गोरसों तक विस्तार से औली सिर्फ शीतकालीन बर्फ का पर्यटन स्तर न रहकर ग्रीष्मकालीन स्थल भी बन जाएगा। यहां वर्षभर ट्रेकर व पर्यटक आ सकते हैं। इस रोपवे के अलावा औली से गौर सों तक तीन किमी पैदल ट्रेक भी विकसित किए जाने हैं। बताते चलें कि प्राकृतिक खूबसूरती के कारण औली हिल स्टेशन को भारत का 'मिनी स्विट्जरलैंड' भी कहते हैं. गढ़वाल क्षेत्र के चमोली जिले में स्थित यह हिल स्टेशन सुमद्र तल से 3,000 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है. यहां से टूरिस्ट कई पर्वत श्रृंखलाओं को देख सकते हैं। औली से पर्यटक नंदा देवी पर्वत, नागा पर्वत, डूंगगिरी, बीथर टोली, निकांत हाथी पर्वत और गोरी पर्वत को देख सकते हैं।



# क्यों होती है पानी की टंकी गोल, जानें यहां

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट , 23 सितंबर , पानी की टंकियां तो आपने भी देखी होंगी। नगर निगम की बड़ी पानी की टंकी हो या फिर घर के बाथरूम में सप्लाई के लिए रखी जाने वाली टंकी, एक बात समान होती है कि सब-के-सब गोल होती है। जबकि जिस स्थान पर वह रखी होती है यदि चौकोर होती तो स्थापित करने के लिए शायद ज्यादा अच्छा होता है। वहीं बात करें पानी की टंकी गोल क्यों बनाई जाती है।

**टंकी गोल क्यों होती है**

भारतीय नौसेना से रिटायर परिमल कुमार घोष बताते हैं कि यह केवल पानी की टंकी आकार की बात नहीं है परन्तु अधिक से अधिक वस्तुओं के आकार गोल होने के पीछे भौतिक विज्ञान की सूत्र व पदार्थ के मौलिक आकार पर बाहरी प्रभाव, दबाव, एवं पारिपार्शिक परिस्थिति की प्रतिक्रियों आदि के सिद्धांत पर ही आधारित हैं।

**क्या है इसकी वजह**

यदि पानी की टंकी को चौकोर बना दिया जाएगा तो उसके चार कोण स्थापित हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में जब टंकी के अंदर पानी भरा जाएगा और जब टंकी से पानी निकाला जाएगा तब पानी में हलचल होगी और कोण होने के कारण हलचल थोड़ा तेज हो जाएगी। इसके चलते टंकी की उम्र कम होती चली जाएगी। कुछ कंपनियां ग्राहकों की मांग पर चौकोर पानी की टंकी बनाती है परंतु ऐसी टंकियों के निर्माण और विक्रय की प्रक्रिया बहुत धीमी होती है।


पानी की टंकी गोल होती है क्योंकि गोलाकार आकार की विशेषज्ञ भौतिकी और विज्ञान के सिद्धांतों पर कुछ कंपनियां ग्राहकों की मांग पर चौकोर पानी की टंकी बना सकती हैं, लेकिन ऐसी टंकियों के निर्माण और विक्रय की प्रक्रिया धीमी हो सकती है। इसलिए, पानी की टंकियां गोल क्यों होती हैं, इसका मुख्य कारण वैज्ञानिक और तकनीकी आधार पर होता है, जिससे उनका उपयोग सुरक्षित और दीर्घकालिक तौर पर किया जा सकता है।

**टंकी पर क्यों बनी होती हैं लाइनें ?**

टंकी पर बनी ये लाइनें भी काफी जरूरी हैं। ये लाइनें टंकी को मजबूती देने का काम करती हैं और गर्मी में तापमान बढ़ने के दौरान टंकी को फैलने से रोकती हैं। इसके अलावा ये लाइनें दबाव को कंट्रोल करने में भी मदद करती हैं। अगर कभी कोई टूटी हुई टंकी देखेंगे तो पाएंगे कि ऐसा बहुत कम होता है कि टंकी का वो हिस्सा टूटा हुआ नजर आए, जिस पर लाइनें बनी हैं। टंकी को सपाट बनाए जाने से इसके फूलने और डैमेज होने का खतरा बढ़ता है। ये लाइनें टंकी को एक प्रकार से बांधे रखती हैं और दबाव को सहने में मदद करती हैं।

# अंडरवियर बचाएगी अंदर की सेहत !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट , 23 सितंबर , मोबाइल रेडिएशन के खतरे से बचने के लिए फ्रांस ने iPhone 12 की बिक्री रोक दी है. एपल का यह फोन तय मात्रा से ज्यादा रेडिएशन निकाल रहा है. वायरलेस डिवाइस से निकलने वाले इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन से खुद को बचाना जरूरी है. फ्रांस के बाद दूसरे यूरोपीय देशों ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया है. मोबाइल रेडिएशन को लेकर डर कितना बड़ा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बाजार में एंटी-रेडिएशन अंडरवियर भी बिक रहे हैं.एंटी-रेडिएशन अंडरवियर मोबाइल और दूसरे वायरलेस डिवाइसेस से निकने वाले रेडिएशन से बचाता है. ऐसे अंडरवियर बनाने वाली कंपनियां दावा करती हैं ये आपको बेहतर प्रोटक्शन देने के लिए हैं. आज हम भी आपको स्मार्ट अंडरवियर के बारे में बताते हैं, जो रेडिएशन से आपका बचाव करेंगे. इस एंटी-रेडिएशन अंडरवियर की कीमत 1,000 रुपये से कम है.ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन की इंटरनेशनल साइट पर कोट ऑफ आर्म्स का अंडरवियर मिल रहा है. ये सिल्वर फैब्रिक के जरिए EMF रेडिएशन को बंद कर देता है. अंडरवियर का धागा सिल्वर फैब्रिक से लिपटा हुआ है. ये सिल्वर वाई-फाई और मोबाइल फोन की रेडिएशन खत्म करता है. कंपनी का दावा है कि आपको 99% प्रोटेक्शन मिलेगी.ये अंडरवियर ना केवल रेडिएशन से बचाता है, बल्कि पहनने में भी काफी आरामदायक है. इसमें दो पॉकेट मिलेंगी जिसमें आप जरूरी सामान रख सकते हैं. इस पॉकेट में हम कैश, क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट, आईडी या चाबी जैसा जरूरी आइटम रख सकते है. इस तरह यह अंडरवियर आपको प्रोटेक्ट करेगा. सिल्वर लाइन ट्रैवल बॉक्सर ब्रीफ को सॉफ्ट मॉडल फैब्रिक से बनाया गया है. इससे अंडरवियर बॉडी को काफी सुकून देता है. अंडरवियर में 7% Lycra भी है, जो बॉडी शेप के मुताबिक शानदार स्ट्रैच देता है. इसे पहनकर आप कहीं भी आ सकते हैं, और वर्कआउट भी कर सकते हैं. अमेजन पर कोट ऑफ आर्म्स अंडरवियर 12 डॉलर में बिक रहा है. इंडियन करेंसी में ये रकम लगभग 998 रुपये है.

# उत्तराखंड की बेटी खुशी को बधाई, भारतीय टीम में आएंगी नजर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उत्तराखंड 23 सितम्बर : पहाड़ की जिंदगी चुनौतियों से भरी हुई है, लेकिन यहां की होनहार बेटियां हर चुनौती पर जीत हासिल कर सफलता का आसमान छू रही हैं। इसी कड़ी में एक अच्छी खबर हल्द्वानी से आई है। यहां रहने वाली खुशी आर्य का चयन खो-खो सीरीज के लिए हुआ है। भारतीय खो-खो संघ द्वारा आगामी 22 सितंबर से 9 अक्टूबर तक प्रशिक्षण कैंप आयोजित किया जा रहा है। जिसमें खुशी आर्य भी हिस्सा लेंगी। सब कुछ ठीक रहा तो बेहतर प्रदर्शन के आधार पर उन्हें भारतीय खो-खो टीम का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा। इस कैंप में जो भी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेंगे, उनका चयन अक्टूबर-नवंबर माह में आयोजित होने वाली इंडिया, मलेशिया, इंडोनेशिया खो-खो सीरीज के लिए किया जाएगा। मूलरूप से नैनीताल जिले के हल्दूचौड़ की रहने वाली खुशी आर्य भी इस प्रशिक्षण कैंप में हिस्सा लेने जा रही हैं। अगर वो सफल रहीं तो उन्हें कैंप का हिस्सा बनकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल का दमखम दिखाने का मौका मिलेगा। राज्य से दो खो-खो खिलाड़ियों का इस कैंप के लिए चयन हुआ है।जिनमें खुशी के अलावा बालक वर्ग में ऋषिकेश निवासी इमरान खान भी शामिल हैं। प्रदेश के इन दोनों ही खिलाड़ियों के पास भारतीय खो-खो टीम में शामिल होने का सुनहरा मौका है। सभी वरिष्ठ खिलाड़ियों ने खुशी और इमरान को अपनी अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए भरोसा जताया है कि वे जल्द ही भारतीय खो-खो टीम का हिस्सा बनेंगे।

# EMI भरना भूले तो बैंक वाले चॉकलेट लेकर पहुंचेंगे घर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट , 23 सितंबर , अगर आप स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) के ग्राहक हैं तो आपके लिए जरूरी खबर है.देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक SBI ने समय से लोन (Bank Loan) की EMI नहीं चुकाने वाले ग्राहकों के लिए एक अनोखी पहल करने जा रहा है. सबसे बड़े कर्जदाता बैंक ऐसे ग्राहकों के घर अपने प्रतिनिधि के जरिये चॉकलेट भेजेगा. इस दौरान बैंक के प्रतिनिधि ग्राहक के घर पहुंचेंगे और उनसे समय से EMI चुकाने के लिए आग्रह करेंगे.

इस पहल की औपचारिक रूप से घोषणा करने से पहले 15 दिन पहले बैंक ने इसे प्रायोगिक तौर पर शुरू किया था. इस पहले के प्रायोगिक चरण की सफलता के बाद SBI ने इसे औपचारिक रूप से लागू करने की घोषणा की.SBI के मुताबिक, 'जो कर्जदार समय से EMI का भुगतान नहीं करते या लोन डिफॉल्ट करने का प्लान कर रहे हैं, वे कई बार बैंक के रिमाइंडर कॉल का जवाब नहीं देते हैं. इसलिए सबसे बेहतर तरीका है कि आप उनको बिना बताए उनके घर पर मिलें.'

**EMI की याद दिलाने का नया तरीका**

बैंक ने कहा कि रिटेल लोन के ब्याज दरों में बढ़ोतरी होने के बाद कई ग्राहक सही समय पर EMI का भुगतान नहीं कर रहे थे. समय से कर्ज वसूली के लिए ये कदम उठाया गया है.जिन कर्जदारों के डिफॉल्ट होने की संभावना है, उनसे फिनटेक के प्रतिनिधि मिलने जाएंगे. अपने कर्जदार के लिए वे चॉकलेट का एक पैकेट ले जाएंगे और उन्हें आने वाले EMI की याद दिलाएंगे. SBI में रिस्क, कंप्लायंस और स्ट्रेस्ड एसेट्स (Risk, Compliance and Stressed Assets) के मैनेजिंग डायरेक्टर इंचार्ज अश्विनी कुमार तिवारी ने कहा, 'AI का उपयोग करने वाली दो फिनटेक कंपनियों के साथ हम अपने रिटेल कर्जदारों को उनके EMI की याद दिलाने का एक नया तरीका शुरू कर रहे हैं.'

# सड़क डामरीकरण कार्य का कंडारी ने किया शिलान्यास

श्रीनगर गढ़वाल। कीर्तिनगर विकासखंड के अंतर्गत कपरोली मोटर मार्ग व धार पंयाकोटि मोटर मार्ग के डामरीकरण कार्य का देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने शिलान्यास किया। पीएमजीएसवाई से लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित हुए इस सडक के पेंटिंग कार्य को 1 करोड़ 46 लाख रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। मौके पर विधायक कंडारी ने कहा कि देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्रों को सडक से जोडना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जल्द बार्थकुंड कपरोली मोटर मार्ग की वित्तीय स्वीकृति भी मिल जाएगी। साथ ही साथ स्यालसौड़ के नैलचामी मोटर मार्ग को जल्द ही शासन से हरी झंडी मिलने वाली है। कहा इन मोटर मार्ग के निर्माण से दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। कहा कि कुनियाड़ रतकली मोटर मार्ग को शासन स्तर से वित्तीय स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर नरेन्द्र कुंवर, सुभाष फोंदणी, ग्राम प्रधान कपरोली दीपक जयाड़ा, सुनील कुमार, दिनेश सिंह, केसर सिंह, रणजीत सिंह, समशेर सिंह, प्रधान धारकोट गबर सिंह, प्रधान दुर्गा देवी, भीमराज सिंह, महिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## गहड़ गांव में नर्सिंग कॉलेज की संस्तुति पर जताया आभार

श्रीनगर गढ़वाल। गहड़ गांव में नर्सिंग कालेज की संस्तुति पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है। इसके लिए ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री डा.धन सिह रावत का आभार व्यक्त किया है। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट ने बताया कि मेडिकल कालेज से सम्बंधित नर्सिंग कालेज ग्राम पंचायत गहड़ में प्रस्तावित है। जिसके लिए ग्राम वासियों ने लगभग 60नाली भूमि 7साल पहले स्वास्थ्य विभाग को दान स्वरूप रजिस्टर्ड कर दी थी। देहरादून में उक्त कार्य की संस्तुति के लिए सम्पूर्ण ग्राम सभा गहड़ ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत का आभार जताते हुए अतिशीघ्र उक्त कार्य का शासनादेश करा कर भूमिपूजन किए जाने की उम्मीद की है। आभार एवं धन्यवाद जताने वालों में ग्राम प्रधान रुकमणी देवी, उत्तम सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह चौहान, हरेंद्र सिंह चौहान, अर्जुन सिंह पंवार, दिनेश चौहान आदि शामिल रहे।



## Arnold Lazarus ने अपने जन्म दिवस पर विधायक उमेश शर्मा से की मुलाकात साथ ही किया रक्तदान

देहरादून 23 सितंबर : रायपुर विधानसभा विधायक  उमेश शर्मा काऊ  और रायपुर मंडल अध्यक्ष रुद्रेश कुमार शर्मा से मिलकर Arnold Lazarus ने जन्मदिवस पर उनका आशीर्वाद लिया और अपने जन्मदिवस पर रक्त दान किया इस बीच प्रभारी Arnold Lazarus ने कहा कि रक्तदान ही जीवनदान है ।

# हिमालय बचाओ प्रतियोगिता के प्रतिभागी हुए सम्मानित

रुद्रप्रयाग। हिमालय बचाओ अभियान को लेकर बीते 5 सितम्बर को जिला मुख्यालय में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को एसडीएम जखोली परमानंद राम द्वारा प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की।

शुक्रवार को जखोली तहसील सभागार में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी जखोली परमानंद राम ने जखोली क्षेत्र की तीनों सफल छात्राओं को पुरस्कार के रूप में हाथ की घड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। 5 सितम्बर को मुख्यालय में हिमालय को आपदा से कैसे बचाएं, विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें नागेंद्र इंटर कॉलेज बजीरा रुद्रप्रयाग की कक्षा 9 की सलोनी ने प्रथम स्थान पाया। जबकि ओंकारानंद इंटर कॉलेज जखोली रुद्रप्रयाग की कक्षा 10वीं की छात्रा स्नेहा पुंडीर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रणधार जखवाड़ी रुद्रप्रयाग की 10वीं की छात्रा अदिति रही।



एसडीएम ने पुरस्कार देते हुए विजेता छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। एसडीएम ने कहा कि हमे हिमालय को बचाने के लिए पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना होगा, तभी हम अपने आस पास के वातावरण को शुद्ध रख सकते हैं। उन्होंने इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि बीते कई वर्षों से हिमालय प्रतिज्ञा और हिमालय बचाओ अभियान में जन-जागरूकता रैली चला कर आमजन को इस मुहिम से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि इससे समाज में जन चेतना आई है। इस मौके पर एसडीएम परमानंद राम, जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रणधार के प्रधानाचार्य सतीश सेमवाल, ओंकारानंद इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य अमिता नेगी, सामाजिक कार्यकर्ता धूम सिंह रावत, पूर्व क्षेपंस युद्धवीर राणा, द्वारिका प्रसाद सेमवाल आदि मौजूद थे।

## संपादकीय

### सर्वसम्मत संसद

क्या भारतीय राजनीति बदल रही है? क्या महिला आरक्षण और सशक्तिकरण सरीखे अन्य मुद्दों पर भी राजनीतिक सर्वसम्मति हो सकती है? महिला आरक्षण पर सर्वसम्मति और एकजुटता विचार के स्तर पर है अथवा वोट की मजबूरी है? महिला आरक्षण बिल के कानून बनने के बाद यह व्यवस्था अक्षरशः लागू होगी या आरक्षित वर्ग के साथ टालमटोल किया जाता रहेगा? यदि वाजपेयी सरकार के चार प्रयासों और यूपीए की मनमोहन सरकार के दौरान संसदीय अनुभवों को याद करें, तो उनकी तुलना में 'नारी शक्ति वंदन' बिल संसद के दोनों सदनों में लगभग सर्वसम्मति से पारित हुआ है। लोकसभा में 454 वोट बिल के पक्ष में और ओवैसी तथा उनकी पार्टी के एक और सांसद, यानी मात्र 2 वोट, बिल के विरोध में गए। राज्यसभा में उपस्थित सभी 215 सांसदों ने बिल का समर्थन किया। हालांकि उच्च सदन की कुल संख्या 245 सांसदों की होती है। यह राजनीतिक अभिव्यक्ति और परिपक्वता विषयगत है, लेकिन धुर विरोधियों ने भाजपा सरकार के बिल को सर्वसम्मत समर्थन दिया, यह महत्त्वपूर्ण राजनीति है। संसद के दोनों सदनों में कुछ ऊंचे स्वर भी सुनाई दिए, कुछ विरोध भी देखा गया, अपने तार्किक पक्ष भी रखे गए, लेकिन हंगामे, अभद्र टिप्पणियों, असंतोष, अराजकता, नौटंकी और मार्शल द्वारा सांसदों को सदन से बाहर करने तक की नौबत नहीं आई। कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस, सपा, बसपा, जनता दल-यू आदि के सांसदों ने ओबीसी महिलाओं के लिए भी आरक्षण की मांग की। जातीय जनगणना के सवाल भी किए गए, आरक्षण के लागू होने का समय भी पूछा गया, राजनीतिक विचार पर अपने सरोकार पेश किए गए, लेकिन मत-विभाजन की बारी आई, तो बिल के समर्थन में वोट दिए। महिला सशक्तिकरण और मातृशक्ति को विकास, सत्ता, नीति-निर्धारण की मुख्यधारा से जोडने की अनिवार्यता और बाध्यता के सामने समूचे विपक्ष को अपने हथियार डालने पड़े, क्योंकि अब महिलाओं के जनादेश ही निर्णायक साबित हो रहे हैं। 2014 के बाद ज्यादातर चुनावों में महिलाओं ने, पुरुष की तुलना में, अधिक वोट दिए हैं। यह रुझान भी बढ़ता जा रहा है कि अब महिलाएं अपने विवेक और अपनी सोच के मुताबिक ही मतदान करती हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में 67.18 फीसदी महिलाओं ने वोट दिए, जबकि पुरुष वोट 65 फीसदी से कुछ ज्यादा थे। भाजपा के पक्ष में 36 फीसदी से ज्यादा महिलाओं ने वोट दिए, जबकि विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के समर्थन में करीब 20 फीसदी महिलाएं थीं। 2024 में महिला वोट का कुल आंकड़ा बढ़ सकता है, लिहाजा महिला आरक्षण के पीछे यह राजनीतिक मजबूरी भी काम कर रही है। मोदी सरकार की अधिकतर लाभार्थी परियोजनाएं महिला-केंद्रित हैं। अब संसद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के लगभग सर्वसम्मति से पारित होने के बाद भाजपा देश भर में इसका प्रचार करेगी। बहरहाल आने वाला कालखंड महिलाओं का होगा। अब संसद से पारित होने के बाद बिल विधानसभाओं में भेजा जाएग

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# रिसॉर्ट में डांसर के ठुमके पड़े ठन्डे, जब चले पुलिस के डंडे




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश , 23 सितंबर , जिस भूमि पर तप , जप और साधना के लिए लोग आते हैं वहाँ डांसर लगा रही थीं ठुमके और लुटाई जा रही थी दौलत .. आधी रात चल रहा था शराब शबाब और कबाड़ का जश्न लेकिन तभी पहुँच गयी लेडी सिंघम आईपीएस श्वेता चौबे की चौकास टीम और बिगड़ गया मस्तीजादों का गैरकानूनी ज़ायका , क्या है मामला बता रही हैं अनीता तिवारी की ये रिपोर्ट - देर रात जब आप सो रहे थे उस आधी रात को ऋषिकेश के एक रिसोर्ट में मस्ती की पाठशाला चल रही थी जिसमें स्टूडेंट्स थे रईसजादे और ट्रेनर थी मदमस्त डांसर और खेला जा रहा था दौलत का गंदा खेल ....ये सब हो रहा था लक्ष्मणझूला इलाके में मौजूद नीरज फॉरेस्ट रिजॉर्ट में जहाँ अवैध तरीके से कैसीनो चलाया जा रहा था। लेकिन जब देर रात पुलिस ने यहां छापा मारा तो 27 लोग दबोच लिए गए जिनमें एक पुलिस का सिपाही भी मौजूद था। बीती देर रात अवैध कैसीनो संचालन की खबर मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार व सीओ श्रीनगर के नेतृत्व में बनाई टीम ने रिसोर्ट में छापा मारा तो यहां भारी मात्रा में कैसिनो चिप्स, ताश की गड्डियां, कैश, मोबाइल बरामद हुए। एक सिपाही भी इस दौरान वहां पकड़ा गया।एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे कहती हैं कि ऋषिकेश के चर्चित कथित मिर्गी रोग विशेषज्ञ के पौड़ी जनपद में गंगा भोगपुर स्थित नीरज फॉरेस्ट रिसार्ट में छापे की कार्रवाई के दौरान जुआ खेलते पुलिस



का एक सिपाही भी गिरफ्तार हुआ है। बताया कि विनीत नाम का यह सिपाही ऋषिकेश में तैनात है।अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार व सीओ श्रीनगर के नेतृत्व में बनाई टीम द्वारा मारा गया रिसोर्ट में छापा रिजॉर्ट के पिछले हिस्से में बने वेलनेस सेंटर के बेसमेंट में छापा मारने पर हाल में 27 पुरुष, व 4 क्रू पीयर (जो गेम खिलवाती हैं) मौजूद मिली ।इसके अतिरिक्त 5 अन्य महिलाएं मौजूद मिली जो अपने को डांसर बता रही हैं। इसके अतिरिक्त भारी मात्रा में कैसिनो चिप्स,ताश की गड्डियां, कैश,मोबाइल बरामद हुआ है। एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि मौके से करीब 12 लग्जरी कर भी बरामद हुई हैं। जिन्हें सीज कर दिया गया है।



# डेंगू की रोकथाम को किया 13847 घरों का सर्वे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग। जिले में डेंगू की रोकथाम व नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग का अभियान जारी है। अब तक 13847 घरों का सर्वे व 23908 कंटेनर की जांच की जा चुकी है। जबकि जागरूकता को लेकर 16 मई से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा स्कूल व ग्राम स्तर पर निरंतर जागरूकता गोष्ठियां की जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि डेंगू की रोकथाम के लिए जनपद में सर्तकता बरतते हुए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य टीमों द्वारा अब तक 13875 घरों का सर्वे किया गया, जिसमें 50226 लोगों की डेंगू बुखार से लक्षणों के बाबत जानकारी जुटाई गईं।



बताया कि सर्वे में 81 लोगों में बुखार के लक्षण मिलने पर उनका डेंगू टेस्ट किया गया। 81 में अब तक 6 डेंगू पॉजिटिव पाए गए, जबकि शेष 74 सामान्य वायरल फीवर से ग्रसित मिले। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक रिपोर्ट हुए डेंगू पॉजिटिव की पड़ताल की गई, जिसमें 6 में से 5 मामलों से संबंधित डेंगू पीड़ितों की मैदानी इलाकों में ट्रेवलिंग हिस्ट्री पाई गई। उन्होंने बताया कि सभी 6 लोगों का स्वास्थ्य अब ठीक है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि व जखोली तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ में डेंगू किट के माध्यम से जांच की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि अब तक 723 लोगों की डेंगू किट के माध्यम से जांच की गई। सीएमओ ने बताया कि डेंगू जागरूकता के लिए 16 मई से अब तक समुदाय स्तर व विद्यालय स्तर पर लगातार जागरूकता गतिविधियां की जा रही हैं।

स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा गोष्ठियों व पंपलेट वितरित कर डेंगू रोकथाम के लिए जागरूक किया जा रहा है। बताया कि जनपद की टायर पंचर, ऑटोमोबाइल्स शॉप की दुकानों में भी विशेष अभियान चलाकर पुराने टायरों को डेंगू के दृष्टिगत व्यवस्थित रखवाया गया। जबकि नगर पालिका व नगर पंचायतों से समन्वय कर लगातार फॉगिंग भी कराई जा रही है। जागरूकता कार्यक्रम में एपिडेमियोलॉजिस्ट डा. शाकिब हुसैन के नेतृत्व में एनएनएम विनीता रावत, सीएचओ शिवानी आदि ने दरमोला में प्राथमिक विद्यालय व इंटर कॉलेज में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन कर डेंगू बचाव के प्रति जागरूक किया। जबकि गांव में लार्वा साइटों की जांच कर सोर्स रिडक्शन की कार्रवाई की।

# खनन न्यास से स्कूलों और आंगनबाड़ी को ठीक करें : डीएम

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास के अन्तर्गत प्रस्तावित और स्वीकृत कार्यों के बजट को लेकर सम्बंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जरूरी प्रस्तावों पर जल्द से जल्द कार्यवाही के निर्देश दिए। डीएम ने जिला सभागार में खनिस फांउडेशन न्यास की बैठक लेते हुए खनन प्रभावित क्षेत्रों में स्कूलों में शौचालय बनाने, अधिक आवाजाही क्षेत्र में हाईटेक चिकित्सा केंद्र बनाने, आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत व्यवस्था के लिए सोलर पैनल लगाने, हर ब्लाक के स्मार्ट विलेज में कम्प्यूटर स्थापित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। खनिज न्यास जरूतरतमंद क्षेत्रों में लाइब्रेरी बनाने, क्षेत्रों में हैंडपंप लगाने, चिकित्सा केंद्रों में स्वास्थ्य उपकरण, पुलिया निर्माण, सुरक्षा दीवार आदि कामों को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। डीएम ने बैठक में ऐसे स्कूल जो निर्वाचन के लिए पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं और उनमें कार्य होने हैं। उनके इस्टीमेट एसडीएम को तत्काल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए जनता अनावश्यक इधर-उधर न भटके इसके लिए प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें। जिन कार्यों का तृतीय पक्ष निरीक्षण किया जाना है। उनकी रिपोर्ट तलब करते हुए डीएम ने रिपोर्ट तैयार होने पर दूसरी किश्त जारी करने के निर्देश दिए। जल संस्थान को निर्देश देते हुए कहा कि जिन स्थानों पर हैंप पंप बनाये जा रहे हैं। उन स्थानों पर सोख्ता पिट भी अवश्य बनायें। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, सीएमओ डा मनु जैन, खनन अधिकारी अमित गौरव, एसडीएम टिहरी संदीप कुमार, डीपीओ शोहेब हुसैन, डीपीआरओ एमएम खान, ईई लघु सिंचाई बृजेश गुप्ता, ईई जन संस्थान प्रशान्त भारद्वाज, ईई लोनिवि योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेसी नेता रावत के निधन पर शोक

श्रीनगर गढ़वाल। कमलेश्वर बगवान निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शिव सिंह रावत (74) के आकस्मिक निधन होने पर क्षेत्रीय लोगों,जनप्रतिनिधियों व विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना प्रकट की है। इस दौरान लोगों ने कहा कि रावत ने सेवानिवृत्ति के बाद समाज सेवा का रास्ता चुना। उनके निधन पर पूर्व विधायक गणेश गोदियाल, पीसीसी सदस्य बीरेंद्र सिंह नेगी, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल, सुरेंद्र सिंह चौहान, लाल सिंह नेगी, भूपेंद्र पुण्डीर, संजय फौजी, विनोद मैठाणी, शिव लाल, भगत सिंह डागर, सुधांशु नौडियाल, मीना रावत, बसन्ती जोशी आदि ने शोक व्यक्त किया।

## आयुष्मान भव: योजना को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश

श्रीनगर गढ़वाल। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शुक्रवार को श्रीनगर विधानसभा के पदाधिकारियों को आयुष्मान भवः योजना को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इस संदर्भ में पार्टी के पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक में उन्होंने कहा आयुष्मान भवः योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से 2 अक्तूबर तक गांव, शहर, मोहल्ला, कस्बा, गलियों में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनना चाहिए इसमें प्रत्येक पदाधिकारी घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड की जानकारी ले और जिसका नहीं बना हो उसका कार्ड बनवाने में पूर्ण सहयोग करे। डा. रावत ने कहा कि सरकार के द्वारा आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख तक की धनराशि का उपयोग बीमारी के समय पर मरीज कर सके। जिसके लिए प्रत्येक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनना जरूरी है। साथ ही डेंगू के प्रकोप को रोकने हेतु दिशा निर्देश भी दिए और रक्तदान शिविर लगाने के लिए भी। कहा वह 27 और 28 सितंबर को स्वयं श्रीनगर में होने वाले रक्तदान शिविर में मौजूद रहेंगे। उन्होंने पांचों मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिए कि जिन भी लोगों के घर में शौचालय, मकान या उज्वला कनेक्शन न हो उसकी जानकारी शीघ्र दें। जिससे अधिक से अधिक लोगों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सके। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट ने बताया कि उन्होंने 28 सितंबर को श्रीनगर मंडल में होने वाली लोकसभा स्तर की कार्यशाला के संबंध में भी चर्चा की।

## सेमेस्टर पद्धति के यूपी व पीजी के परीक्षाफल घोषित किए

नई टिहरी। श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय ने सेमेस्टर पद्धति में संचालित सत्र 2022-23 के स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के अंतिम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित कर किए हैं। समय से परीक्षा परिणाम घोषित होने पर विवि के कुलपति प्रो एनके जोशी ने प्रसन्नता व्यक्त करते कर्मचारी को बधाई दी है। विवि ने स्नातक स्तर के बीएससी षष्टम सेमेस्टर, बीकाम षष्टम सेमेस्टर तथा बीकाम आनर्स षष्टम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम तथा स्नातकोत्तर स्तर में कला संकाय के अर्थशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, कला, भूगोल, अंग्रेजी, इतिहास, गृह विज्ञान, संगीत, राजनीति शास्त्र, संस्कृत, समाजशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर तथा विज्ञान संकाय के गणित, मानव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, रक्षा एवं अध्ययन, भू-गर्भ विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान के चतुर्थ सेमेस्टर एवं वाणिज्य संकाय के एमकाम चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित कर विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाईट 222.ह्यस्त्रह्यह्व1.ठ्ठद्गह्ल पर जारी कर दिए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनके जोशी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सभी अध्ययनरत छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाईट पर अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### खंड स्तरीय प्रतियोगिता 26 से

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के तत्वावधान में दो दिवसीय खण्ड स्तरीय विद्यालयी संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन 26 व 27 सितम्बर को राइंका रामाश्रम में किया जाएगा। प्रतियोगिता के खण्ड संयोजक डा.जेपी चमोली ने बताया कि प्रतियोगिताएं कनिष्ठ एवं वरिष्ठ दो वर्गों में आयोजित की जायेगी, जिसमें संस्कृत नाटक, संस्कृत समूहगान, संस्कृत नृत्य व वाद विवाद प्रतियोगिता, संस्कृत आशुभाषण, श्लोकोच्चारण की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। उन्होंने कहा कि कक्षा 6 से 10 कनिष्ठ एवं कक्षा 11 व 12 वरिष्ठ वर्ग में होंगे।

### 4.71 ग्राम स्मैके के साथ दो गिरफ्तार

रुद्रप्रयाग। पुलिस की एसओजी की टीम ने 4.71 ग्राम स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम में मामला दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। जनपद की एसओजी की टीम ने चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल पर सवार तालिम निवासी चानचक, सिकंदरपुर, भैसवाल, थाना भगवानपुर, जिला हरिद्वार एवं नदीम निवासी ग्राम बढेड़ी, बुजुर्ग, थाना भगवानपुर, जिला हरिद्वार से क्रमशः 3.18 ग्राम व 1.53 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। इन दोनों के विरुद्ध कोतवाली रुद्रप्रयाग पर एनडीपीएस अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई। वहीं नशा तस्करों के विरुद्ध जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस की कार्यवाही निरन्तर जारी है।

### तीर्थपुरोहितों की जायज मांगों पर की जा कार्रवाई

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ में तीर्थपुरोहितों की भू-स्वामित्व सहित अन्य मांगों को लेकर की जा रही मांग को जायज ठहराते हुए कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव प्रदीप बगवाड़ी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा है। सीएम के साथ ही उन्होंने जनपद प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को भी ज्ञापन देते हुए कार्रवाई की मांग की। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रदीप बगवाड़ी ने कहा कि आपदा से अब तक तीर्थपुरोहित केदारनाथ में अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। किसी तरह उन्होंने आपदा के बाद केदारपुरी में अपना व्यवसाय शुरू किया किंतु अब भी उनके सामने कई समस्याएं है। बीते कुछ दिन पूर्व तीर्थुपुरोहितों द्वारा भू-स्वामित्व को लेकर किया गया आंदोलन पूरी तरह जायज है। उन्हें यह अधिकार दिया जाना चाहिए। सरकार बीते कई सालों से उन्हें गुमराह कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन देते हुए तीर्थपुरोहितों की मांग पर यथाशीघ्र कार्रवाई की मांग की है ताकि उन्हें दोबारा आंदोलन की तरफ न जाना पड़े। वहीं जनपद प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से भी इस मामले पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### डेयरी व्यवसाय से मालामाल हो रहे पशुपालक

रुद्रप्रयाग। जनपद में दुग्ध उत्पादन को लेकर पशुपालक काफी जागरूक हो गए हैं और लगातार दूध उत्पादन में इजाफा हो रहा है। डेयरी उत्पादों की बढ़ती मांग के चलते पारंपरिक किसानों ने तरक्की की है साथ ही पशुपालकों ने भी डेयरी के क्षेत्र में कामयाबी पाई है। जिला प्रशासन एवं दुग्ध विकास विभाग के सहयोग एवं मार्गदर्शन में जनपद के तीनों विकास खंडों में प्रतिवर्ष नए किसान दुग्ध विकास विभाग के जरिए दुधारू पशुओं की खरीद कर अपनी आजीविका में सुधार ला रहे हैं। नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनसीडीसी) योजना में डेयरी विकास विभाग किसानों को डेयरी व्यवसाय से जोड़ रहा है। विभाग की ओर से किसान-पशुपालकों को प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीक एवं उपकरणों की जानकारी दी जा रही है। वहीं दुधारू मवेशियों की खरीद के लिए आसानी से ऋण उपलब्ध कराने के साथ ही पशुओं की खरीद में पूरी मदद भी की जा रही है। किसान वैज्ञानिक विधि से पशुओं की देखभाल करने लगे हैं। जबकि वर्तमान समय में जिले में विभिन्न महिला समूह एवं किसान मिलकर प्रतिदिन 15 हजार लीटर से ज्यादा दूध उत्पादन कर बेच रहे हैं। अगस्त्यमुनि ब्लॉक के हाट गांव के संदीप गोस्वामी बीते पांच सालों से दुग्ध व्यवसाय कर रहे हैं जो 200 लीटर दूध उत्पादन कर रहे हैं। संदीप के पास 14 मवेशी हैं। वह महीने में करीब 8500 लीटर दुग्ध उत्पादन कर तीन लाख रूपये से ज्यादा की कमाई कर रहे हैं। उनके साथ 10 लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। हाट गांव निवासी गीता देवी बेहद साधारण परिवार से हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति नाजुक थी ऐसे में उन्होंने परिवार के भरण पोषण के लिए दुग्ध व्यावसाय का रास्ता चुना। संदीप गोस्वामी ने भी उनकी मदद कर उन्हें दुग्ध विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें व्यावसाय स्थापित करने में मदद की। गीता देवी के पास 7 मवेशी हैं एवं वो महीने में करीब 3500 लीटर दूध का उत्पादन कर बेच रही हैं। गीता ने बताया कि महीने में डेढ़ लाख से ज्यादा की कमाई कर रही है। पुनाड़ निवासी दुर्गा नौटियाल बीते कई सालों से दुग्ध उत्पादन का काम कर रहे हैं। वह प्रतिमाह 1500 लीटर दूध की बिक्री कर रहे हैं। पुनाड़ निवासी अजय कप्रवान लंबे समय तक बेरोजगारी से जूझते रहे। इसी बीच उन्हें दुग्ध विकास विभाग की एनसीडीसी योजना की जानकारी मिली और पांच मवेशी खरीद कर अपना व्यवसाय शुरू किया।

### विवेकानंद नेत्रालय में 65 लोगों की हुई नेत्र जांच

रुद्रप्रयाग। रामकृष्ण मिशन विवेकानंद नेत्रालय द्वारा रोटरी क्लब नार्थ मुंबई के सहयोग से मुख्यालय में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। विवेकानंद विजन सेंटर रुद्रप्रयाग में आयोजित कार्यक्रम में 65 लोगों की नेत्र जांच की गई जिसमें 47 लोगों को दवाई वितरण की गई जबकि 19 लोगों को निशुल्क ऑपरेशन के लिए विवेकानंद नेत्रालय देहरादून ले जाया गया। इस दौरान भी सारी व्यवस्थाएं निशुल्क रहेगी। संस्था के उपाध्यक्ष स्वामी स्वस्वरूपानंद द्वारा प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत कार्यक्रम को लेकर निक्षय मित्र के रूप में 20 टीवी मरीजों को पोषण किट का वितरण किया गया। इस मौके पर संस्था के सचिव स्वामी असीमात्मानंद ने जानकारी देते हुए बताया कि रामकृष्ण मिशन देहरादून द्वारा सदैव निस्वार्थ भाव से क्षेत्र मे कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2013 की आपदा मे राहत कार्य, निशुल्क नेत्र कैंप, निक्षय मित्र कार्यक्रम, विवेकानंद विजन सेंटर रुद्रप्रयाग व गुप्तकाशी का संचालन। पीजी कॉलेज मे बालिकाओं के लिए मां सारदा बालिका आवास व विवेकानंद पीजी ब्लॉक का निर्माण, कोविड महामारी के समय कोविड केयर सेंटर का संचालन एवं दुर्गम गांव में निशुल्क डोर टू डोर कोविड वेक्सीनेसन, डोर टू डोर आंखो का सर्वेक्षण आदि कार्य किए गए। यह सभी सेवा कार्य महान दानिदाताओं के सहयोग से संभव हो रहे हैं जिसमें रोटरी क्लब एवं रोटरी क्लब नार्थ मुंबई की मुख्य भूमिका हैं। इस मौके पर तेज बहादुर (आउटरीच मैनेजर) विवेकानंद नेत्रालय, मुख्य नेत्र विशेषज्ञ हनुमंत पंवार, शुभम हुई, अनुप पंवार, अनिल राणा आदि मौजूद थे।